पोस्टर बनाओ एवं नारा लिखो प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के "महिला प्रकोष्ठ" के अंतर्गत 'पोस्टर बनाओ' एवं 'नारा लिखो' प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर 2023 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर सुषमा हुड्डा एवं डॉक्टर अंशु रही। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, नारी शिक्षा आदि रहे। नारा लेखन की प्रतियोगिता में बी. ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएं कुमारी भावना, नैना एवं प्रतीक्षा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही और पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में स्नेहा, अर्चना एवं नेहा ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती नीलम एवं डॉक्टर रश्मि ने निभाई। इस अवसर पर डॉक्टर सुषमा गर्ग, डॉक्टर पिंकी उपस्थित रही।

नारा लेखन में भावना और पोस्टर बनाओ में स्नेहा प्रथम

जींद| हिंदू कन्या कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत पोस्टर बनाओ व नारा लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पूनम मोर ने की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुषमा हुड्डा व डॉ. अंशु रहीं। प्रतियोगिता के विषय बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी शिक्षा आदि रहे। नारा लेखन में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना प्रथम, नैना द्वितीय और प्रतीक्षा तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम, अर्चना द्वितीय, एवं नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका नीलम व डा. रश्मि ने निभाई। इस अवसर पर डा. सुषमा गर्ग व डा. पिंकी मौजूद रही।